**भारत सरकार**
**आवासन और शहरी कार्य मंत्रालय**
**लोक सभा**
**अतारांकित प्रश्न सं. 3111**
**18 दिसंबर, 2025 को उत्तर दिए जाने के लिए**

**तमिलनाडु में एससीएम का कार्यान्वयन**

†3111. **श्री ससिकांत सेंथिलः**

क्या **आवासन और शहरी कार्य मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे किः

**(**क) तमिलनाडु में अक्तूबर **2025** तक स्वीकृत**,** पूर्ण और लंबित परियोजनाओं की कुल संख्या सहित स्मार्ट सिटी मिशन (एससीएम) के कार्यान्वयन की वर्तमान स्थिति क्या है**;**
**(**ख) राज्य में प्रत्येक स्मार्ट सिटी के लिए उक्त मिशन के तहत आवंटित**,** जारी और उपयोग की गई धनराशि का ब्यौरा क्या है**;**
**(**ग) शहरी गतिशीलता**,** जल आपूर्ति**,** अपशिष्ट प्रबंधन**,** डिजिटल अवसंरचना और आवास जैसे प्रमुख क्षेत्र कौन-कौन से हैं जिनमें परियोजनाएं शुरू की गई हैं और वर्तमान में उनकी पूर्णता की स्थिति क्या है**;** और
**(**घ) क्या सरकार ने तमिलनाडु में सभी लंबित परियोजनाओं को पूरा करने के लिए कोई संशोधित समय-सीमा या निगरानी तंत्र निर्धारित किया है और यदि हां**,** तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है**?**

**उत्तर**
**आवासन और शहरी कार्य राज्य मंत्री**
**(श्री तोखन साहू)**

क) और (ख) स्मार्ट सिटी मिशन (एससीएम) के तहत, तमिलनाडु राज्य के चेन्नई, कोयंबटूर, इरोड, मदुरै, सलेम, तंजावुर, थूथुकुडी, तिरुचिरापल्ली, तिरुनेलवेली, तिरुप्पुर और वेल्लोर सहित 11 शहरों का चयन किया गया है। राज्य द्वारा 01.12.2025 को दी गई सूचना के अनुसार, 17,952 करोड़ रु. की लागत वाली कुल 729 परियोजनाओं में से, 17,924 करोड़ रु. की लागत वाली 726 परियोजनाएं (कुल परियोजनाओं का 99.60%) पूरी की जा चुकी हैं और 28 करोड़ रु. की लागत वाली शेष 3 परियोजनाएं चल रही हैं।

तमिलनाडु राज्य में दावा की गई केंद्रीय वित्तीय सहायता, उपयोग की गई निधियों और परियोजनाओं की स्थिति का शहर-वार विवरण अनुलग्नक-I में दिया गया है।

(ग) स्मार्ट सिटी मिशन (एससीएम) का उद्देश्य पूरे शहर का विकास करना नहीं था, बल्कि रेट्रोफिटिंग, पुनर्विकास, ग्रीनफील्ड विकास और एक अखिल-शहरी पहल के माध्यम से क्षेत्र-आधारित विकास दृष्टिकोण अपनाना था, जिसमें स्मार्ट समाधानों को शहर के बड़े हिस्सों में लागू किया जाता है, ताकि एक अनुकरणीय मॉडल तैयार किया जा सके। स्मार्ट सिटी विकास के अंतर्गत आने वाले शहरों का विकास राज्यों/संघ राज्य क्षेत्रों से विभिन्न क्षेत्रों, जैसे स्मार्ट मोबिलिटी, जल, स्वच्छता, साफ-सफाई (वाश), स्मार्ट गवर्नेंस, स्मार्ट ऊर्जा, पर्यावरण आदि से प्राप्त उस स्मार्ट सिटी प्रस्तावों (एससीपी) के आधार पर किया जा रहा है, जिन्हें मुख्य सचिव की अध्यक्षता वाली उच्चाधिकार प्राप्त संचालन समिति (एचपीएससी) द्वारा अनुमोदित किया गया है।

तमिलनाडु राज्य के विभिन्न क्षेत्रों में शुरू की गई परियोजनाओं का शहर-वार विवरण अनुलग्नक-II में दिया गया है।

(ग) दिनांक 31 मार्च, 2025 को स्मार्ट सिटी मिशन के वित्तीय समापन के बाद, आवासन और शहरी कार्य मंत्रालय (एमओएचए) ने सभी राज्यों/संघ राज्य क्षेत्रों को 10 जून, 2025 को परामर्शिका संख्या 27 जारी की है। चल रही परियोजनाएं कार्यान्वयन के विभिन्न चरणों में हैं। विशेष प्रयोजन तंत्रों (एसपीवी) को यह सुनिश्चित करने की सलाह दी गई है कि स्मार्ट सिटी मिशन के अंतर्गत सभी चल रही परियोजनाएं दिसंबर, 2025 तक निर्धारित समय सीमा के भीतर पूरी कर लें।

*****

**अनुलग्नक- I**

दिनांक 18 दिसंबर, 2025 को तमिलनाडु में स्मार्ट सिटी मिशन के कार्यान्वयन के संबंध में लोक सभा अतारांकित प्रश्न संख्या 3111 के भाग (क) और (ख) के उत्तर में उल्लिखित अनुलग्नक

तमिलनाडु राज्य में दावा की गई केंद्रीय वित्तीय सहायता, उपयोग की गई निधियों और परियोजनाओं की स्थिति का शहर-वार विवरण

| **तमिलनाडु** | **दावा की गई केंद्रीय सहायता (करोड़ रुपये में)** | **केंद्रीय सहायता का उपयोग (करोड़ रुपये में)** | **कुल** | | **पूरी हो चुकी** | | **चल रही** | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | **परियोजना (संख्या में)** | **राशि (करोड़ रुपये में)** | **परियोजना (संख्या में)** | **राशि (करोड़ रुपये में)** | **परियोजना (संख्या में)** | **राशि (करोड़ रुपये में)** |
| चेन्नई | 490 | 490.0 | 49 | 1104.2 | 48 | 1096.9 | 1 | 7.3 |
| कोयंबटूर | 490 | 490.0 | 72 | 1454.8 | 72 | 1454.8 | 0 | 0 |
| इरोड | 490 | 485.9 | 55 | 1304.1 | 55 | 1304.1 | 0 | 0 |
| मदुरै | 490 | 490.0 | 16 | 1899.7 | 16 | 1899.7 | 0 | 0 |
| सलेम | 490 | 490.0 | 114 | 1860.6 | 114 | 1860.6 | 0 | 0 |
| तंजावुर | 490 | 488.4 | 103 | 996.5 | 102 | 988.6 | 1 | 7.8 |
| थूथुकूड़ी | 490 | 481.5 | 75 | 1038.5 | 75 | 1038.5 | 0 | 0 |
| तिरुचिरापल्ली | 490 | 489.0 | 83 | 1547.7 | 83 | 1547.7 | 0 | 0 |
| तिरुनेलवेली | 490 | 480.4 | 81 | 1817.3 | 81 | 1817.3 | 0 | 0 |
| तिरुप्पुर | 490 | 489.0 | 28 | 2832.7 | 28 | 2832.7 | 0 | 0 |
| वेल्लोर | 490 | 488.9 | 53 | 2095.8 | 52 | 2082.8 | 1 | 13.0 |
| **कुल** | **5390** | **5363.2** | **729** | **17951.9** | **726** | **17923.8** | **3** | **28.1** |

दिनांक 1 दिसंबर 2025 तक राज्यों/संघ राज्य क्षेत्रों द्वारा दी गई रिपोर्ट के अनुसार।

**अनुलग्नक-II**

दिनांक 18 दिसंबर, 2025 को तमिलनाडु में स्मार्ट सिटी मिशन के कार्यान्वयन के संबंध में लोक सभा अतारांकित प्रश्न संख्या 3111 के भाग (ग) के उत्तर में उल्लिखित अनुलग्नक

तमिलनाडु राज्य के विभिन्न क्षेत्रों में शुरू की गई परियोजनाओं का शहर-वार विवरण

राशि (करोड़ रुपये में)

| **तमिलनाडु** | **कुल** | | **पूर्ण** | | **चल रही परियोजनाएं** | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | **परियोजनाओं की संख्या** | **परियोजना की लागत** | **परियोजनाओं की संख्या** | **परियोजना की लागत** | **परियोजनाओं की संख्या** | **परियोजना की लागत** |
| **चेन्नई** | **49** | **1,104** | **48** | **1,097** | **1** | **7** |
| आर्थिक इन्फ्रास्ट्रक्चर | 2 | 1 | 2 | 1 | - | - |
| पर्यावरण | 7 | 191 | 7 | 191 | - | - |
| स्मार्ट ऊर्जा | 5 | 116 | 5 | 116 | - | - |
| स्मार्ट गवर्नेंस | 5 | 200 | 5 | 200 | - | - |
| स्मार्ट मोबिलिटी | 13 | 194 | 13 | 194 | - | - |
| सोशल इन्फ्रास्ट्रक्चर | 4 | 134 | 4 | 134 | - | - |
| जीवंत सार्वजनिक स्थान | 6 | 80 | 5 | 73 | 1 | 7 |
| वाश | 7 | 188 | 7 | 188 | - | - |
| **कोयंबटूर** | **72** | **1,455** | **72** | **1,455** | | |
| आर्थिक इन्फ्रास्ट्रक्चर | 1 | 1 | 1 | 1 | - | - |
| पर्यावरण | 1 | 0 | 1 | 0 | - | - |
| स्मार्ट ऊर्जा | 18 | 110 | 18 | 110 | - | - |
| स्मार्ट गवर्नेंस | 7 | 24 | 7 | 24 | - | - |
| स्मार्ट मोबिलिटी | 10 | 116 | 10 | 116 | - | - |
| सोशल इन्फ्रास्ट्रक्चर | 2 | 32 | 2 | 32 | - | - |
| जीवंत सार्वजनिक स्थान | 15 | 356 | 15 | 356 | - | - |
| वाश | 18 | 815 | 18 | 815 | - | - |
| **इरोड** | **55** | **1,304** | **55** | **1,304** | | |
| आर्थिक इन्फ्रास्ट्रक्चर | 10 | 144 | 10 | 144 | - | - |

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| पर्यावरण | 1 | 5 | 1 | 5 | - | - |
| स्मार्ट ऊर्जा | 5 | 29 | 5 | 29 | - | - |
| स्मार्ट गवर्नेंस | 2 | 11 | 2 | 11 | - | - |
| स्मार्ट मोबिलिटी | 17 | 128 | 17 | 128 | - | - |
| सोशल इन्फ्रास्ट्रक्चर | 3 | 35 | 3 | 35 | - | - |
| जीवंत सार्वजनिक स्थान | 2 | 28 | 2 | 28 | - | - |
| वाश | 15 | 924 | 15 | 924 | - | - |
| **मदुरै** | **16** | **1,900** | **16** | **1,900** | | |
| आर्थिक इन्फ्रास्ट्रक्चर | 3 | 139 | 3 | 139 | - | - |
| स्मार्ट ऊर्जा | 2 | 44 | 2 | 44 | - | - |
| स्मार्ट गवर्नेंस | 2 | 5 | 2 | 5 | - | - |
| स्मार्ट मोबिलिटी | 3 | 259 | 3 | 259 | - | - |
| सोशल इन्फ्रास्ट्रक्चर | 1 | 3 | 1 | 3 | - | - |
| जीवंत सार्वजनिक स्थान | 1 | 48 | 1 | 48 | - | - |
| वाश | 4 | 1,402 | 4 | 1,402 | - | - |
| **सलेम** | **114** | **1,861** | **114** | **1,861** | | |
| आर्थिक इन्फ्रास्ट्रक्चर | 13 | 110 | 13 | 110 | - | - |
| पर्यावरण | 2 | 1 | 2 | 1 | - | - |
| स्मार्ट ऊर्जा | 14 | 106 | 14 | 106 | - | - |
| स्मार्ट गवर्नेंस | 1 | 30 | 1 | 30 | - | - |
| स्मार्ट मोबिलिटी | 36 | 620 | 36 | 620 | - | - |
| सोशल इन्फ्रास्ट्रक्चर | 3 | 13 | 3 | 13 | - | - |
| जीवंत सार्वजनिक स्थान | 22 | 106 | 22 | 106 | - | - |
| वाश | 23 | 876 | 23 | 876 | - | - |
| **तंजावुर** | **103** | **996** | **102** | **989** | **1** | **8** |
| आर्थिक इन्फ्रास्ट्रक्चर | 24 | 229 | 24 | 229 | - | - |
| पर्यावरण | 2 | 4 | 2 | 4 | - | - |
| स्मार्ट ऊर्जा | 8 | 40 | 8 | 40 | - | - |
| स्मार्ट गवर्नेंस | 6 | 22 | 6 | 22 | - | - |
| स्मार्ट मोबिलिटी | 12 | 167 | 12 | 167 | - | - |

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| सोशल इन्फ्रास्ट्रक्चर | 10 | 35 | 10 | 35 | - | - |
| जीवंत सार्वजनिक स्थान | 13 | 41 | 13 | 41 | - | - |
| वाश | 28 | 458 | 27 | 450 | 1 | 8 |
| **थूथुकुड़ी** | **75** | **1,038** | **75** | **1,038** | | |
| आर्थिक इन्फ्रास्ट्रक्चर | 4 | 33 | 4 | 33 | - | - |
| स्मार्ट ऊर्जा | 6 | 29 | 6 | 29 | - | - |
| स्मार्ट गवर्नेंस | 4 | 11 | 4 | 11 | - | - |
| स्मार्ट मोबिलिटी | 12 | 174 | 12 | 174 | - | - |
| सोशल इन्फ्रास्ट्रक्चर | 6 | 20 | 6 | 20 | - | - |
| जीवंत सार्वजनिक स्थान | 18 | 115 | 18 | 115 | - | - |
| वाश | 25 | 657 | 25 | 657 | - | - |
| **तिरुचिरापल्ली** | **83** | **1,548** | **83** | **1,548** | | |
| आर्थिक इन्फ्रास्ट्रक्चर | 14 | 94 | 14 | 94 | - | - |
| पर्यावरण | 1 | 2 | 1 | 2 | - | - |
| स्मार्ट ऊर्जा | 9 | 99 | 9 | 99 | - | - |
| स्मार्ट गवर्नेंस | 2 | 15 | 2 | 15 | - | - |
| स्मार्ट मोबिलिटी | 19 | 118 | 19 | 118 | - | - |
| सोशल इन्फ्रास्ट्रक्चर | 3 | 6 | 3 | 6 | - | - |
| जीवंत सार्वजनिक स्थान | 11 | 88 | 11 | 88 | - | - |
| वाश | 24 | 1,126 | 24 | 1,126 | - | - |
| **तिरुनेलवेली** | **81** | **1,817** | **81** | **1,817** | | |
| आर्थिक इन्फ्रास्ट्रक्चर | 9 | 132 | 9 | 132 | - | - |
| पर्यावरण | 8 | 308 | 8 | 308 | - | - |
| स्मार्ट ऊर्जा | 4 | 27 | 4 | 27 | - | - |
| स्मार्ट गवर्नेंस | 19 | 238 | 19 | 238 | - | - |
| स्मार्ट मोबिलिटी | 4 | 18 | 4 | 18 | - | - |
| सोशल इन्फ्रास्ट्रक्चर | 21 | 215 | 21 | 215 | - | - |
| जीवंत सार्वजनिक स्थान | 16 | 880 | 16 | 880 | - | - |
| **तिरुपूर** | **28** | **2,833** | **28** | **2,833** | | |
| आर्थिक इन्फ्रास्ट्रक्चर | 5 | 105 | 5 | 105 | - | - |

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| पर्यावरण | 4 | 61 | 4 | 61 | - | - |
| स्मार्ट ऊर्जा | 1 | 11 | 1 | 11 | - | - |
| स्मार्ट गवर्नेंस | 7 | 278 | 7 | 278 | - | - |
| स्मार्ट मोबिलिटी | 1 | 3 | 1 | 3 | - | - |
| सोशल इन्फ्रास्ट्रक्चर | 2 | 144 | 2 | 144 | - | - |
| जीवंत सार्वजनिक स्थान | 8 | 2,232 | 8 | 2,232 | - | - |
| **वेल्लोर** | **53** | **2,096** | **52** | **2,083** | **1** | **13** |
| आर्थिक इन्फ्रास्ट्रक्चर | 5 | 36 | 5 | 36 | - | - |
| पर्यावरण | 3 | 16 | 3 | 16 | - | - |
| स्मार्ट ऊर्जा | 5 | 55 | 5 | 55 | - | - |
| स्मार्ट गवर्नेंस | 2 | 11 | 2 | 11 | - | - |
| स्मार्ट मोबिलिटी | 13 | 408 | 13 | 408 | - | - |
| सोशल इन्फ्रास्ट्रक्चर | 6 | 26 | 6 | 26 | - | - |
| जीवंत सार्वजनिक स्थान | 5 | 97 | 5 | 97 | - | - |
| वाश | 14 | 1,447 | 13 | 1,434 | 1 | 13 |
| **कुल योग** | **729** | **17,952** | **726** | **17,924** | **3** | **28** |

दिनांक 1 दिसंबर 2025 तक राज्यों/संघ राज्य क्षेत्रों द्वारा दी गई रिपोर्ट के अनुसार।

*****